PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शुक्रवार 18 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

# श्री गणेश महोत्सव 2026 में प्लैनेट न्यूज़ इंडिया टीम का हुआ सम्मान

## श्री वार्ष्णेय मंदिर में श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि।



प्लैनेट न्यूज़ इंडिया की प्रतिनिधि तान्या शर्मा को सम्मानित करते समिति पदाधिकारी।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कलाकारों ने बांधा समां।



महोत्सव में बच्चों और कलाकारों की सहभागिता।

**अलीगढ़** स्थित **श्री वार्ष्णेय मंदिर में आयोजित श्री गणेश महोत्सव 2026** का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में **प्लैनेट न्यूज इंडिया की टीम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित** किया गया। समारोह के **दौरान प्लैनेट न्यूज इंडिया की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि तान्या शर्मा को सम्मानित किया** गया। समिति द्वारा **मीडिया के क्षेत्र में प्लैनेट न्यूज इंडिया के योगदान की सराहना करते हुए सम्मान प्रदान** किया गया।

इस अवसर पर **गणेश महोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष अमित शेखर सर्राफ, संस्थापक संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार खलीफा** सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्री गणेश के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सामाजिक सद्भाव से जुड़े विभिन्न आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे। उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सफल एवं यादगार बताया।

**– प्लैनेट न्यूज़ इंडिया,**
**अलीगढ़**

# यूपी चुनाव 2027: भाजपा के पूर्व मंत्री दलवीर सिंह का पौत्र विजय सपा में शामिल, टिकट मिलने की चर्चाएं तेज



विजय सिंह का परिवार अलीगढ़ की राजनीति में एक बड़ा नाम रहा है। दादा ठा. दलवीर सिंह ब्लॉक प्रमुख से लेकर चार बार विधायक रहे और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली। उनके पिता ठाकुर राकेश सिंह और माता पुष्पलता दोनों ही चंडौस ब्लॉक के प्रमुख रह चुके हैं। अलीगढ़ में बरौली के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री दलवीर सिंह के छोटे पौत्र विजय सिंह (पप्पू) ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में सपा की सदस्यता ले ली। वह पिछले कई महीनों से सपा के स्थानीय और प्रदेश के नेताओं के संपर्क में थे। विजय सिंह के सपा में जाने के बाद बरौली में उनके परिवार की राजनीतिक सक्रियता फिर सुर्खियों में आ गई है। विजय सिंह और उनके बड़े भाई अजय सिंह, जो एएमयू छात्रसंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव भी लड़ चुके हैं। दोनों भाई बरौली क्षेत्र में सक्रिय हैं। विजय सिंह के सदस्यता लेने पर सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर बताया कि विजय सिंह दो दिन पहले उनके आवास पर आए थे। वहां पार्टी में शामिल होने को लेकर बातचीत हुई थी। इसके बाद लखनऊ में सदस्यता ग्रहण की गई। दलवीर सिंह के अस्वस्थ होने के बाद पौत्र अजय सिंह ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में बरौली सीट के लिए भाजपा से टिकट मांगा था। मगर भाजपा नेतृत्व ने उन्हें टिकट न देकर पूर्व मंत्री जयवीर सिंह को टिकट दे दिया। विजय सिंह के सपा में आने से उन्हें बरौली विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिलने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। विधानसभा चुनाव-2022 में बरौली सीट समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के गठबंधन के तहत रालोद के कोटे में थी, जिससे प्रमोद गौड़ ने संयुक्त गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार मिली थी।

**विजय की राह में चुनौतियां**

समाजवादी पार्टी का दामन थामने वाले पूर्व मंत्री ठाकुर दलवीर सिंह के छोटे पौत्र विजय सिंह ने भले ही एक मजबूत और समृद्ध राजनीतिक पारिवारिक विरासत के सहारे राजनीति में कदम रखा हो, लेकिन बरौली विधानसभा क्षेत्र में उनकी राह आसान नजर नहीं आ रही है। राजनीतिक रसूख और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उनके सामने कई ऐसी जमीनी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाना बड़ी परीक्षा साबित होगा। विजय सिंह का परिवार अलीगढ़ की राजनीति में एक बड़ा नाम रहा है। दादा ठा. दलवीर सिंह ब्लॉक प्रमुख से लेकर चार बार विधायक रहे और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली। उनके पिता ठाकुर राकेश सिंह और माता पुष्पलता दोनों ही चंडौस ब्लॉक के प्रमुख रह चुके हैं। इस प्रकार, परिवार का राजनीतिक प्रभाव और क्षेत्र में गहरी पकड़ उनके लिए एक बड़ा संबल है, जिसके बल पर वे विषम परिस्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास कर सकते हैं।

दूसरी ओर चुनौतियों की बात करें तो बरौली क्षेत्र में समाजवादी पार्टी का पारंपरिक जनाधार अपेक्षाकृत सीमित माना जाता है। ऐसे में केवल पार्टी के दम पर बड़ी बढ़त बनाना एक चुनौती है।इसके साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन तय माना जा रहा है। यदि कांग्रेस को तय कोटे के तहत सीटें मिलती हैं और यदि बरौली सीट कांग्रेस के खाते में चली जाती है, तो समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बरौली सीट पर कांग्रेस का प्रदर्शन ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहा है, जबकि सपा अमूनन तीसरे स्थान पर रही है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी रहे स्वर्गीय दिनेश शर्मा 25 से 30 हजार तक वोट पाकर पार्टी को सम्मानजनक स्थिति में रखते आए हैं। सीट बंटवारे का यह समीकरण विजय सिंह के राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करेगा।इन सबके साथ ही विजय सिंह के सामने अपने पिछले चुनावी प्रदर्शन की कसौटी भी है। हाल ही में गभाना टाउन एरिया के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, जहां अभिमन्यु राज सिंह विजयी हुए थे। ऐसे में पारिवारिक विरासत और राजनीतिक अनुभव के दम पर विजय सिंह अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत कर सकते हैं, लेकिन गठबंधन के समीकरण, स्थानीय स्तर पर पार्टी का जनाधार और पिछली चुनावी हार से सीख लेकर रणनीति पर भी विचार करना होगा।

# अलीगढ़: तेरे पास फोन है, कॉल कर और मुझसे बात कर, वरना तेरी अश्लील तस्वीरें बनाकर वायरल कर दूंगा




आरोपी रिजवान पीड़िता और उनकी सहेलियों की इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड वीडियोज़ पर लगातार भद्दे और अश्लील कमेंट्स करता था। जब एक आईडी को ब्लॉक किया जाता, तो वह तुरंत फर्जी नाम से नई-नई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर प्रताड़ित करने का सिलसिला जारी रखता था। अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र में एक युवक ने ब्यूटी पार्लर पर काम करने वाली युवती और उसकी सहेलियों का जीना मुहाल कर दिया। पीड़ित युवती ने अब आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता रघुवीरपुरम स्थित एक ब्यूटी पार्लर में नौकरी करती हैं। कार डेटिंग का काम करने वाला रिजवान नामक युवक लंबे समय से उन पर बुरी नीयत रखे हुए था। आरोपी न केवल प्रत्यक्ष रूप से बल्कि डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग करके भी लगातार प्रताड़ित कर रहा था। तहरीर में बताया कि आरोपी रिजवान उनकी और उनकी सहेलियों की इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड वीडियोज़ पर लगातार भद्दे और अश्लील कमेंट्स करता था। जब एक आईडी को ब्लॉक किया जाता, तो वह तुरंत फर्जी नाम से नई-नई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर प्रताड़ित करने का सिलसिला जारी रखता था।

हद तो तब हो गई जब आरोपी ने पार्लर आने-जाने के दौरान उनका पीछा करना शुरू कर दिया और खुलेआम धमकी दी कि तेरे पास फोन है, कॉल कर और मुझसे बात कर, वरना तेरी अश्लील तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वायरल कर दूंगा और तुझे बदनाम कर दूंगा। इस निरंतर मानसिक उत्पीड़न और धमकियों के चलते पीड़िता गहरे डिप्रेशन और भयंकर मानसिक तनाव में चली गई। आखिरकार हिम्मत जुटाकर उन्होंने अपनी यह आपबीती अपने भाई और मामा को बताई। जब परिजनों ने मामले की सच्चाई जानने के लिए आरोपी का फोन चेक करने की मांग की, तो आरोपी घबराकर फोन लेकर भागने की कोशिश में गिर गया और उसके सिर में चोट भी लग गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी और उसके अज्ञात साथियों ने मिलकर न केवल उनका जीना मुहाल किया है, बल्कि उनके भाई का व्हाट्सएप अकाउंट भी हैक कर लिया है, जिससे उन्हें अपनी सुरक्षा का गंभीर खतरा महसूस हो रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिजवान निवासी मुस्ताक नगर, बन्नादेवी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीओ धनंजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस पंजीकृत कर लिया गया है। इस पूरे मामले की गहन छानबीन और आगे की कानूनी कार्रवाई अब उपनिरीक्षक योगेश कुमार के सुपुर्द की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# विनम्रता अपनाना ही मार्दव धर्म : शिवदत्त सागर



दसलक्षण महापर्व के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि शिवदत्त सागर ने कहा कि मार्दव धर्म मनुष्य के भीतर से अभिमान को दूर कर विनम्र और सरल बनने की प्रेरणा देता है। स्वभाव में निर्मलता और व्यवहार में कोमलता रखना ही उत्तम मार्दव धर्म है। मुनि शिवदत्त सागर महाराज एवं मुनि पद्मदत्त सागर महाराज के सान्निध्य और प्रतिष्ठाचार्य राकेश भैया के निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक पूजन विधि-विधान से हुआ। दोपहर में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर पंचायत में मथुरा से आए पंडित अंकित जैन शास्त्री के निर्देशन में दसलक्षण विधान कराया गया। राकेश जैन एवं सरिता जैन परिवार पुण्यार्जक रहे। शाम को मंदिर में आरती, स्वाध्याय और प्रवचन के बाद धर्म

के दस रंग धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगरा रोड पर जैन समाज सेवा समिति की ओर से भोजन वितरण किया गया। यहां जगवीर किशोर जैन पूर्व एमएलसी, पदमा जैन, गौरव जैन, अशोक जैन दोषी, प्रदीप कुमार जैन आदि थे।

# यूपी: सुल्तानपुर व अमेठी सहित 14 जिलों में खुलेंगे

## नर्सिंग कॉलेज, एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर बना प्लान

यूपी में 14 नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने को लेकर शासन ने मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश में नर्सिंग की 840 सरकारी सीटें बढ़ेंगी। इनका संचालन शैक्षिक वर्ष 2027-28 से शुरू होगा। उत्तर प्रदेश में 14 नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे। इन्हें स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित किया जाएगा। हर कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की 60-60 सीटें होंगी। इससे प्रदेश में बीएससी नर्सिंग की करीब 840 सीटें बढ़ेंगी।प्रदेश सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर हर जिले में एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की रणनीति बनाई है। प्रदेश में अभी 23 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई हो रही है। इनमें करीब 1400 सीटें हैं। 235 निजी नर्सिंग कॉलेजों में करीब 11 हजार सीटें हैं। प्रदेश सरकार की ओर से अगस्त माह में नर्सिंग कॉलेज बढ़ाने की योजना तैयार की गई। शासन ने 14 जिलों में राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की मंजूरी दे दी है। हर कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की 60-60 सीटें होंगी। इनका संचालन शैक्षिक वर्ष 2027-28 से शुरू होगा।




**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में होगा संचालन :** नए खुलने वाले नर्सिंग कॉलेजों के संचालन की जिम्मेदारी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों को सौंपी गई है। सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे पाठ्यक्रम संचालन के लिए नियामक संस्थाओं के आदेश एवं निर्देश और मानकों का अध्ययन कर लें। उनका हर हाल में पालन किया जाए।

**इन जिलों में खुलेंगे :** मिर्जापुर, हरदोई, प्रतापगढ़, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, अमेठी, सुल्तानपुर, एटा, गाजीपुर, पुर, सोनभद्र, कौशांबी, शांबी, ललितपुर, लखीमपुर खीरी और बिजनौर के चिकित्सा महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को नर्सिंग कॉलेज खोलने की मंजूरी दी गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि जल्द ही अन्य स्वशासी महाविद्यालयों में भी नर्सिंग कॉलेजों को खोलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी

# यूपी: आईएएस अभिषेक के खिलाफ सतर्कता जांच रद्द,

## कंपनी अधिकारी ने शिकायत को भ्रम का कारण बताया



इन्वेस्ट यूपी के एक अधिकारी ने निकांत जैन का नंबर दिया, जिसने परियोजना मंजूरी के लिए पांच फीसदी हिस्सा मांगा था। जैन पर एफआईआर के साथ प्रकाश के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच शुरू हुई थी। जिसे अब रद्द कर दिया गया है।हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बृहस्पतिवार को आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश के खिलाफ एक औद्योगिक परियोजना से जुड़ी सतर्कता जांच रद्द कर उन्हें राहत दी है।न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने प्रकाश की याचिका स्वीकार करते हुए सरकार के 20 मार्च और 28 मार्च, 2025 के आदेशों सहित जांच रद्द की। यह मामला 20 मार्च, 2025 को एक कंपनी के अधिकारी की शिकायत से जुड़ा है।आरोप था कि इन्वेस्ट यूपी के एक अधिकारी ने निकांत जैन का नंबर दिया, जिसने परियोजना मंजूरी के लिए पांच फीसदी हिस्सा मांगा था। जैन पर एफआईआर के साथ प्रकाश के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच शुरू हुई थी। बाद में कंपनी अधिकारी बिस्वजीत दत्ता ने हलफनामे में शिकायत को भ्रम और गलतफहमी के कारण बताया।

# विनीत मिनोचा हत्याकांड: सिर्फ बंदिशें या कोई राज?

## चौथे दिन ही सुब्रत ने संभाला कारोबार, गायब हुईं पोस्ट-रील्स




**Kanpur Vineet Minocha Murder Case:** दवा कारोबारी विनीत मिनोचा हत्याकांड में पुलिस की जांच अब पारिवारिक विवाद के साथ-साथ कारोबारी पहलू पर भी टिक गई है। विनीत की हत्या के महज चौथे दिन ही बेटे सुब्रत द्वारा मां के साथ बिरहाना रोड स्थित फर्म पहुंचकर गंगाजल छिड़कने, पूजन करने और कारोबार की बागडोर संभालने की बात सामने आई है।कानपुर में दवा कारोबारी विनीत मिनोचा की हत्या के चौथे दिन ही बेटे सुब्रत ने फर्म पहुंचकर कारोबार संभाल लिया था। पत्नी के जेल जाने के बाद भी सुब्रत अपनी मां के साथ फर्म पहुंचा और पूजन कर काम की बागडोर अपने हाथ में ले ली। यही बात पुलिस को अखर रही है। इसके चलते पुलिस ने अब बिरहाना रोड के दवा व्यापारियों से भी पूछताछ शुरू कर दी है।बता दें कि पांच सितंबर की देर रात विनीत की इंदिरानगर स्थित फ्लैट में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में विनीत की बहू शालू और उनके पुराने नौकर विशाल को साथी राजकिशोर के साथ जेल भी भेजा गया है। शालू के खिलाफ सभी साक्ष्य होने के बाद भी मामले में पुलिस की जांच **खत्म नहीं हो रही है।कुछ और भी हो सकती है हत्या की वजह:** सुब्रत के अलावा उनकी बहन और मां से भी पुलिस कई बार बात कर चुकी है। पुलिस को लग रहा है कि वारदात के पीछे की असली वजह सिर्फ शालू पर बंदिशें, नहीं बल्कि कुछ और भी हो सकती है। इसी गुत्थी को सुलझाने के लिए अब पुलिस की एक टीम बिरहाना रोड के व्यापारियों के संपर्क में है। **गंगाजल छिड़ककर कराया पूजन:** सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि शनिवार पांच सितंबर की रात विनीत का कत्ल हुआ था। नौ सितंबर को सुब्रत अपनी मां को लेकर फर्म पर पहुंचा और वहां गंगाजल छिड़ककर पूजन कराया। इसके बाद पहले की ही तरह कारोबार शुरू कर दिया।**आठ दिनों में सुब्रत ने कई व्यापारियों का माल लौटाया:** पुलिस की जानकारी में आया है कि इन आठ दिनों में सुब्रत ने कई व्यापारियों का माल लौटाया है, तो कुछ से बकाया के चेक भी वसूल किए हैं। बताया जाता है कि तीन दिन पहले सुब्रत ने अपने फेसबुक अकाउंट से सभी फोटो और रील्स डिलीट कर दिए हैं।**फेसबुक में शुभकामनाएं भी मिली थीं:**इनमें वह पोस्ट भी थीं, जिनमें उसके कारोबार संभालने पर साथियों ने शुभकामनाएं और बधाई भी दी थी। दवा कारोबारियों ने पुलिस को बताया कि हर फर्म का 90 दिन बाद नवीनीकरण होता है। अभी तक फर्म के प्रोपराइटर में विनीत का नाम पड़ा था। स्वाभाविक है कि उनके न रहने पर अब जब फर्म का नवीनीकरण होगा तो उनकी जगह बेटे सुब्रत का ही नाम पड़ेगा। पुलिस ने इसे भी अपनी जांच के बिंदु में शामिल किया है।**पिछली पार्टी में शामिल हुए थे विनीत:**सूत्रों का कहना है कि दवा व्यापारियों के बीच हर माह दो से तीन लेट नाइट पार्टियां हुआ करती हैं। रिटेलर दुकान बंद करने के बाद घर जाकर पार्टी के लिए निकलते हैं। पांच सितंबर से पहले भी एक पार्टी बड़े होटल में हुई थी। उसमें सुब्रत-शालू नहीं बल्कि खुद विनीत मिनोचा शामिल हुए थे। विनीत आखिरी बार उस पार्टी में साथियों संग देखे गए थे। साथी कारोबारियों ने पुलिस से कहा है कि मिनोचा परिवार में कभी किसी विवाद की बात सुनने को नहीं मिली।

# चित्रकूट में दिल दहलाने वाली घटना:

## पतंग पकड़ने के चक्कर में छत से गिरा मासूम, सीने में घुसा सरिया; मौत से मातम



यूपी के चित्रकूट जिले में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। पतंग पकड़ने में मासूम की छत से गिरकर मौत हो गई।सदर कोतवाली क्षेत्र के मुलायम नगर में बृहस्पतिवार को दिल दहला देने वाली घटना हुई। पतंग पकड़ने के चक्कर में पाच साल का मासूम छत से नीचे गिर गया। नीचे अधूरे पिलर में निकली सरिया उसके सीने में घुस गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मुलायम नगर निवासी चंद्रप्रकाश दुबे ने बताया कि उसकी छत पर बाउंड्री नहीं है। उनका पांच साल का बेटा अयांश उर्फ बिट्टू सुबह करीब 11 बजे छत पर पतंग के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते पतंग पकड़ने की कोशिश में उसका पैर फिसला और वह सीधे नीचे आ गिरा। इस दौरन पिलर की सरिया उसके सीने में घुस गई।बेटे की चीख सुनकर मां रेखा देवी दौड़ी और लहूलुहान हालत में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वह बार-बार एक बार बेटे को दिखा दो कहकर बेहोश हो रही थी। मासूम आर्यन सिंह पब्लिक स्कूल में एलकेजी में पढ़ता था। उसके दो भाई यश और दिव्यांश हैं। कोतवाल अभयराज सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

# लापारवाही की हद: दिल्ली के युवक का गुरुग्राम के नाले में मिला था शव,

## पुलिस ने किया अंतिम संस्कार; अब उठे सवाल

पुलिस की भारी लापरवाही के कारण दिल्ली के सरिता विहार निवासी युवराज सिंह मनचंदा के परिजन उसका अंतिम संस्कार नहीं कर पाए। गुरुग्राम पुलिस ने युवराज के शव को लावारिस मानकर तीन दिन में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया। दिल्ली पुलिस और गुरुग्राम पुलिस की भारी लापरवाही के चलते दिल्ली के सरिता विहार में रहने वाले युवराज सिंह मनचंदा के परिजनों को उसके अंतिम संस्कार करने का न तो अधिकार मिला और न ही अस्थियां। गुरुग्राम पुलिस ने युवराज के शव लावारिस समझकर तीन दिन में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया। दक्षिण-पूर्व जिले की पुलिस खासकर लाजपत नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 15 अगस्त से पहले कई कोर्डिनशन मीटिंग बुलाई थी और उसमें गुरुग्राम पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए थे। इसके अलावा देश के पुलिस तंत्र के बीच जिपनेट सिस्टम भी है। इस पर हर राज्य व शहर की पुलिस मृतक व गायब हुए लोगों की फोटो व जानकारी अपलोड कर देती है। क्या दोनों पुलिस को जिपनेट की याद नहीं आई।दिल्ली व गुरुग्राम के बीच की दूरी महज करीब 40 किमी है। ऐसे में दिल्ली पुलिस व गुरुग्राम पुलिस के ऊपर कई बड़े सवाल खड़े होते हैं। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की पूछताछ पर भी सवाल खड़े होते है कि 24 घंटे कस्टडी में रखने के बावजूद आरोपियों ने युवराज की हत्या का कारण पता नहीं लगा पाई।



जिला डीसीपी विनीत कुमार ने बृहस्पतिवार देर रात बताया कि हत्या के कारणों को पता नहीं लगा है। जांच की जा रही है।

# आरके पुरम में हादसे का वीडियो:

## होंडा अमेज ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, आरोपी चालक गिरफ्तार, वाहन भी जब्त



आरके. पुरम थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के दौरान, दुर्घटना करने वाली नीले रंग की होंडा अमेज कार को जब्त कर लिया गया।दिल्ली के आरके पुरम स्थित अफ्रीका एवेन्यू रोड पर 17 सितंबर 2026 को रात करीब 10:00 बजे एक सड़क दुर्घटना हुई। यह घटना भीकाजी कामा प्लेस से आरके. पुरम मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर हुई। पुलिस को रात 10:22 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे।जांच के दौरान पता चला कि मुनिरका गांव निवासी तनिष्क टोकस (21) अपनी काली मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी करके बैठे थे। तभी वसंत कुंज निवासी वेणु गोपाल (73) नीले रंग की होंडा अमेज कार चला रहे थे। उनकी कार ने खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तनिष्क टोकस मोटरसाइकिल से गिर गए। होंडा कार मोटरसाइकिल को कुछ दूर तक घसीटती ले गई। हालांकि, तनिष्क टोकस को कार ने नहीं घसीटा। उनकी मेडिकल जांच की गई, जिसमें उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई।

### मामला दर्ज और गिरफ्तारी

इस संबंध में आरके. पुरम थाने में एफआईआर संख्या 221/26, धारा 281/125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान, दुर्घटना करने वाली नीले रंग की होंडा अमेज कार को जब्त कर लिया गया। आरोपी चालक वेणु गोपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की भी मेडिकल जांच की गई, जिसमें शराब का सेवन नहीं पाया गया।

# ममता की टीएमसी ने चुनाव आयोग को भेजे नए नाम-चिह्न: फैसले पर जताया विरोध; 28 साल बाद बदलेगा पार्टी का निशान?




ममता बनर्जी की टीएमसी ने चुनाव आयोग के आदेश के बाद नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प भेज दिए हैं। पार्टी ने यह कदम फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए उठाया है। अब सवाल है कि 28 साल से टीएमसी की पहचान बने 'फूल और घास' की जगह उपचुनाव में कौन-सा चुनाव चिह्न मिलेगा?

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्वाचन आयोग के अंतरिम आदेश पर अपना जवाब भेज दिया है। ममता बनर्जी पार्टी की संस्थापक और अध्यक्ष हैं।

निर्वाचन आयोग ने छह अक्तूबर को होने वाले पश्चिम बंगाल के उपचुनावों के लिए अस्थायी तौर पर अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) नाम और उसके 'फूल और घास' चुनाव चिह्न को हटा दिया था।

पार्टी ने गुरुवार रात 11:36 बजे निर्वाचन आयोग को ईमेल किया। इसमें आगामी चुनाव के लिए नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प भेजे गए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने यह जवाब 'कड़े विरोध के साथ' दिया।

**निर्वाचन आयोग ने क्या कहा था?**

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार रात अंतरिम आदेश जारी किया था। इसमें एआईटीसी को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों को पार्टी का नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया गया था। दोनों पक्षों से शुक्रवार सुबह तक अपने पसंदीदा नाम और चुनाव चिह्न बताने को कहा गया था।




आयोग ने कहा था कि प्रस्तावित नाम अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से मिलता-जुलता हो सकता है। चुनाव चिह्न आयोग की ओर से स्वतंत्र उम्मीदवारों और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए जारी उपलब्ध चिह्नों की सूची में से लेना होगा। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम सीटों पर उपचुनाव छह अक्तूबर को होने हैं। आयोग ने कहा कि उसके पास चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैराग्राफ 15 के तहत प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है। हालांकि, आगामी उपचुनावों को देखते हुए पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर तुरंत व्यवस्था करना जरूरी था। आयोग ने कहा कि यह अंतरिम व्यवस्था खास तौर पर आगामी उपचुनावों के लिए की गई है। यह तब तक लागू रहेगी, जब तक पैराग्राफ 15 के तहत विवाद पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता।

**टीएमसी में कहां से शुरू हुआ विवाद?**

आयोग का आदेश मई में विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल में शुरू हुई बगावत की पृष्ठभूमि में आया है। बाद में यह बगावत संसद तक पहुंच गई।

- जून में 58 बागी विधायकों ने निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष चुन लिया। ममता खेमे ने सोवनदेव चट्टोपाध्याय को अपना उम्मीदवार बनाया था। विधानसभा अध्यक्ष ने ऋतब्रत को मान्यता भी दे दी। यह पार्टी के 28 साल के इतिहास में पहली बार हुआ, जब पार्टी दो हिस्सों में बंटी।
- 

पांच दिन बाद बगावत संसद तक पहुंच गई। वरिष्ठ नेता काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में लोकसभा के 20 सांसद एक कम चर्चित दल एनसीपीआई के साथ चले गए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को 'अलग गुट' के तौर पर समर्थन देने की बात कही गई। इससे पार्टी के संसदीय दल में दरार और गहरी हो गई।

यह कदम ममता बनर्जी के लिए झटका माना जा रहा है। पार्टी के गठन के बाद से ही उनका हाथ से बनाया हुआ चुनाव चिह्न टीएमसी की राजनीतिक यात्रा का अहम हिस्सा रहा है। कांग्रेस से अलग होकर 1998 में तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की गई थी। इसके बाद 'फूल और घास' का चुनाव चिह्न पिछले 28 वर्षों से पार्टी की जमीनी पहचान का एक मजबूत प्रतीक रहा है।

# अमेरिका ने रोका फलस्तीनी राष्ट्रपति का वीजा: यूएनजीए में भारत समेत 152 देशों का मिला समर्थन; आगे क्या होगा?




अमेरिका ने फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को न्यूयॉर्क आने के लिए वीजा नहीं दिया। इसके बाद यूएनजीए में उनके वीडियो लिंक से भाषण का रास्ता खुल गया। वीडियो लिंक के जरिये भाषण की अनुमति वाले प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में किन देशों ने वोट दिया, भारत ने किसका साथ दिया। पढ़िए इस रिपोर्ट में। भारत ने महासभा के एक प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। इसमें फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को अगले हफ्ते होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में वीडियो लिंक के जरिये भाषण देने की अनुमति दी गई है। अमेरिका ने अब्बास को न्यूयॉर्क आने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया था। यह प्रस्ताव बुधवार को भारी बहुमत से पारित हुआ। इसके पक्ष में 152 वोट पड़े। सिर्फ अमेरिका, इस्राइल और पराग्वे ने इसके खिलाफ वोट किया। चार देशों ने औपचारिक रूप से मतदान से दूरी बनाई।

**ईरानी राष्ट्रपति को अमेरिका ने वीजा दिया?**

हालांकि, वाशिंगटन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और विदेश मंत्री अब्बास अराघची को उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए वीजा दिया है। यह तब हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध अब सातवें महीने में पहुंच चुका है। यह दूसरी बार होगा, जब अब्बास महासभा में वीडियो लिंक के जरिये भाषण देंगे। पिछले साल भी वीजा नहीं मिलने के बाद उन्होंने वीडियो लिंक के जरिये भाषण दिया था।

**फलस्तीन पर क्या तर्क दिया?**

अमेरिका की उप स्थायी प्रतिनिधि टैमी ब्रूस ने अब्बास को वीडियो के जरिये भाषण देने की अनुमति देने से इनकार करने का बचाव किया। उन्होंने फलस्तीन पर आतंकवाद गतिविधियों को छोड़ने से इनकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम इस बात पर जोर देना बंद नहीं करेंगे कि फलस्तीनी प्राधिकरण और पीएलओ (फलस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन जो प्राधिकरण को नियंत्रित करता है) पूरी तरह और बिना किसी शर्त के आतंकवाद को छोड़ें। उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है।

**फलस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक ने क्या कहा?**

फलस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में उसे पर्यवेक्षक का दर्जा मिला हुआ है। फलस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने इस्राइल के साथ फलस्तीन के अस्तित्व के अधिकार को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि दोनों को 'शांति और सुरक्षा में' साथ रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें वीजा देने से इनकार किए जाने का मतलब यह नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र में मौजूद सबसे बड़ा मुद्दा (फलस्तीनी लोग और उनका नेतृत्व) यहां मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा, वे यहां पूरी तरह मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, और वे तब तक यहां रहेंगे, जब तक हम इस अवैध कब्जे (इस्राइल द्वारा फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जे) को खत्म नहीं कर देते और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की वैश्विक सहमति से द्वि-राष्ट्र समाधान लागू नहीं हो जाता। इसमें 1967 की सीमाओं पर पूर्वी यरुशलम के साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फलस्तीन देश और उसके बगल में इस्राइल देश हो। दोनों शांति और सुरक्षा में रहें।

**चीन और रूस ने किसकी आलोचना की?**

चीन और रूस ने भी अब्बास को वीजा नहीं देने को लेकर अमेरिका की आलोचना की। दोनों देशों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मेजबानी करने वाले देश के तौर पर अमेरिका की यह जिम्मेदारी है।

सभी पश्चिमी देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। पिछले महीने जब ऐसी खबरें सामने आई थीं कि अब्बास को वीजा नहीं मिलेगा, तब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने अमेरिका से उन्हें उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने देने की अपील की थी। उन्होंने कहा, हमारी अपील और हमारी उम्मीद अभी भी यही है कि मेजबान देश संधि समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियां पूरी करेगा। इसका उद्देश्य उन लोगों के न्यूयॉर्क शहर और अमेरिका आने की यात्रा को आसान बनाना है, जिनका संयुक्त राष्ट्र के सामने काम है। इनमें राजनयिक और सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

# होर्मुज में ईरान का बड़ा एक्शन: टोगो के तेल टैंकर को बनाया निशाना, इलाके में बढ़ा तनाव

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' पर हमला कर उसे हिरासत में लिया। ईरान ने आरोप लगाया कि टैंकर अवैध तरीके से जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश कर रहा था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे के नीचे चल रहे एक तेल टैंकर पर हमला किया। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार है।

**ईरान तेल टैंकर पर क्यों हमला कर रहा?**

अमेरिका और इस्राइल की ओर से फरवरी के अंत में ईरान पर हमला करने के बाद से तेहरान ने जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी कर रखी है। दरअसल, इस्लामी गणराज्य आवागमन के लिए शुल्क लगाना चाहता है और उन जहाजों पर हमला करता है, जिन पर वह अपने पसंदीदा मार्ग को दरकिनार करने का प्रयास करने का आरोप लगाता है।

**ईरान ने हमले पर क्या कहा?**

बयान में कहा गया है, 'टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' को उस समय निशाना बनाया गया और हिरासत में लिया गया जब उसमें आग लग गई।' यह बयान महत्वपूर्ण जलमार्ग से अवैध रूप से गुजरने के प्रयास का जिक्र करते हुए दिया गया था। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) ने गुरुवार को ओमान के खासब से 16 समुद्री मील (29.6 किमी) उत्तर-पूर्व में होर्मुज जलडमरूमध्य में एक सुरक्षा घटना की घोषणा की।यूकेएमटीओ ने शामिल पोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दिया। इसके साथ ही यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह वही पोत है जिसका जिक्र रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने किया था।

**होर्मुज जलडमरूमध्य क्यों है खास?**

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है क्योंकि यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ता है। दुनिया के तेल परिवहन का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यह लगभग 30 मील चौड़ा है और ईरान और ओमान के बीच स्थित है। इस मार्ग से होकर हर दिन दर्जनों टैंकर गुजरते हैं, जिनका संचालन एक सुव्यवस्थित ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम (TSS) के जरिए किया जाता है।



# जापान में 31 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचीं ब्याज दरें: बीओजे ने 0.25% बढ़ाया पॉलिसी रेट, जानें इसके क्या मायने

बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों को 31 साल के उच्चतम स्तर 1.25% पर पहुंचाया। जानिए 0.25% दर वृद्धि का कारण, बोर्ड का 7-2 मतभेद, येन व बॉन्ड यील्ड पर असर और अमेरिकी दबाव का पूरा विश्लेषण। विस्तृत रिपोर्ट पढ़ने के लिए क्लिक करें!एक बड़ा निर्णय लेते हुए जापान के केंद्रीय बैंक 'बैंक ऑफ जापान' (बीओजे) ने अपनी बेंचमार्क नीतिगत ब्याज दर में 25 बेसिस पॉइंट्स (0.25%) की बढ़ोतरी कर इसे 1.25% कर दिया है। वर्ष 1995 के बाद से यह जापानी ब्याज दरों का 31 साल का उच्चतम स्तर है। मार्च 2024 में शुरू हुई मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण की प्रक्रिया के बाद से केंद्रीय बैंक ने अपनी दरों में बढ़ोतरी की गति को तेज कर दिया है। पिछली दर वृद्धि के छह महीने बाद जहां अगला कदम उठाया गया था, वहीं इस बार महज तीन महीने के भीतर ही दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। वैश्विक बाजारों, विनिमय दर और मुद्रास्फीति के जोखिमों के बीच लिया गया यह निर्णय दुनिया भर के निवेशकों और केंद्रीय बैंकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।तोइचिरो असादा का पक्ष: असादा ने तर्क दिया कि अगस्त में कोर मुद्रास्फीति घटकर 1.7% रह गई (जो जुलाई में 1.8% थी)। कोर मुद्रास्फीति 2% के लक्ष्य से नीचे होने के कारण आर्थिक स्थिति अभी इतनी मजबूत नहीं है कि दरों में बढ़ोतरी की जाए।




**बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला क्यों लिया?**

बैंक ऑफ जापान द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दरों में वृद्धि का मुख्य कारण मुद्रास्फीति के 2% के लक्षित दायरे से ऊपर निकलने का बढ़ता जोखिम है। केंद्रीय बैंक का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्निहित मुद्रास्फीति को "लगभग 2%" के स्तर पर स्थिर रखना है, ताकि कीमतों में अत्यधिक उछाल न आए और जापानी अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

अगस्त महीने में जापान की हेडलाइन मुद्रास्फीति 1.9% दर्ज की गई थी। इसके साथ ही, येन की ऐतिहासिक कमजोरी को संभालने और मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने के लिए इस नीतिगत सख्ती को अनिवार्य माना गया। उल्लेखनीय है कि मीडिया सर्वेक्षण में शामिल लगभग 90% अर्थशास्त्रियों ने 25 बेसिस पॉइंट्स की इस बढ़ोतरी का सटीक पूर्वानुमान व्यक्त किया था।दरों में बढ़ोतरी का यह फैसला सर्वसम्मति से नहीं, बल्कि 7-2 के बहुमत से लिया गया। बोर्ड के दो सदस्यों तोइचिरो असादा और अयानो सातो ने इस फैसले के खिलाफ अपना वोट दिया और दरों को यथावत रखने की वकालत की। प्रधानमंत्री साने ताकाइची द्वारा इस वर्ष नियुक्त किए गए ये दोनों सदस्य 'रिफ्लेशनिस्ट' विचारधारा के माने जाते हैं।

# यूपीआई पर एमडीआर शुल्क: आखिर कौन चुकाएगा डिजिटल भुगतान की कीमत? व्यापारियों ने जताई चिंता




डिजिटल भुगतान व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव का असर कारोबारियों की रोजमर्रा की लागत पर पड़ सकता है। कपड़ा दुकानों, सुपरमार्केट और पेट्रोल पंपों जैसे कारोबारों में बड़े मूल्य के भुगतान पर शुल्क जुड़ने से मुनाफे का गणित प्रभावित होने की आशंका है। व्यापारिक संगठनों ने त्योहारी खरीदारी शुरू होने से पहले बढ़ने वाले इस खर्च को लेकर चिंता जताई है। कानपुर का कपड़ा व्यापारी हो, जयपुर का सुपरमार्केट संचालक हो या किसी हाईवे का पेट्रोल पंप मालिक...तीनों का कारोबार अलग-अलग है, लेकिन चिंता एक समान है। 15 अक्तूबर से 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतानों पर लगने वाले एमडीआर शुल्क के बाद उन्हें अपने मुनाफे, कीमतों और भुगतान का नया हिसाब लगाना पड़ेगा।नवीन गुप्ता पिछले 11 साल से कानपुर के सीसामऊ बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान चला रहे हैं। पहले ग्राहक नकद देते थे, फिर कार्ड मशीन आई और अब 70 फीसदी भुगतान यूपीआई से होता है। त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है लेकिन इस बार उन्हें कपड़ों की बिक्री से ज्यादा चिंता यूपीआई के नए खर्च की है। वह कहते हैं कि अगर 3,000-5,000 रुपये के ज्यादातर बिल यूपीआई से चुकाए जाएंगे और उन पर शुल्क लगेगा, तो या तो उन्हें अपना मार्जिन कम करना होगा या फिर किसी दूसरे तरीके से लागत निकालनी होगी। उनके जैसे लाखों व्यापारी अब यही हिसाब लगा रहे हैं कि डिजिटल भुगतान की सुविधा का खर्च आखिर कौन उठाएगा।

**व्यापारियों ने सुनाया अपना दुखड़ा**

जयपुर के गांधी मार्केट में सुपर स्टोर संचालक रोशनलाल बताते हैं कि उनका मासिक यूपीआई लेनदेन 80 लाख रुपये से ज्यादा है। अगर हर बड़े भुगतान पर अतिरिक्त लागत जुड़ती है तो उन पर एक लाख का बोझ पड़ सकता है। यह चिंता सिर्फ खुदरा कारोबार तक सीमित नहीं है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन से जुड़े ब्रजकिशोर शर्मा कहते हैं, कारोबार बड़ा दिखता है लेकिन मुनाफा उतना नहीं होता। यदि हर बड़े डिजिटल भुगतान पर शुल्क देना पड़े तो पेट्रोल पंपों को रोजाना करोड़ों की चोट पड़ेगी।

**त्योहारी सीजन से पहले बड़ा झटका**

खुदरा व्यापारियों के संगठन रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, यह कदम त्योहारी सीजन से ठीक पहले आया है, जब व्यापारियों को सबसे ज्यादा बिक्री की उम्मीद होती है। क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि पहले से दबाव झेल रहे व्यापारियों के लिए यह नया खर्च चुनौती बन सकता है। उधर फिनटेक कंपनियों की दलील है कि मुफ्त सेवा हमेशा नहीं चल सकती। एक बड़े फिनटेक अधिकारी ने कहा, लोगों को सिर्फ क्यूआर कोड दिखता है, लेकिन उसके पीछे विशाल नेटवर्क काम करता है। सर्वर, सुरक्षा, निगरानी और तकनीकी निवेश भी चाहिए।पेट्रोल पंप, रिटेल, कपड़ा और उपभोक्ता वस्तुओं से जुड़े संगठनों ने सरकार के सामने अपनी चिंताएं रखनी शुरू कर दी हैं। कुछ उद्योग संगठनों का कहना है

# अमेरिकी टैरिफ की चुनौती: किन उद्योगों पर ज्यादा दबाव, बचाव का रास्ता कहां? ये रणनीतियां बनेंगी अहम हथियार




**टैरिफ से निपटने के 5 बड़े हथियार**

**नए एफटीए और बाजार विविधीकरण**

**अमेरिका के साथ लगातार व्यापारिक वार्ता**

**लॉजिस्टिक्स और बंदरगाह लागत में कमी**

**इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और इंजीनियरिंग में मजबूत बढ़त**

**चीन प्लस वन रणनीति से निवेश आकर्षित करना**

**क्या एफटीए बनेंगे सुरक्षा कवच?**

यही वह सवाल है जिस पर उद्योग जगत सबसे ज्यादा भरोसा जता रहा है। हाल में भारत ने यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ व्यापार समझौतों का दायरा बढ़ाया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च के अजय श्रीवास्तव ने कहा, दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का विकल्प तुरंत खोजना मुमकिन नहीं, लेकिन जोखिम बांटना संभव है। हालांकि ट्रंप आसानी से ऐसा कोई रास्ता नहीं छोड़ेंगे, जिसके जरिये दूसरे देशों से रियायतें हासिल की जा सकें।

**भारत को अब क्या करना होगा?**

विशेषज्ञों के अनुसार, देश को अब उत्पादन लागत घटाने, लॉजिस्टिक्स सुधारने और निर्यात प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में भी तेजी से काम करना होगा। ऊर्जा लागत, बंदरगाहों की दक्षता, कंटेनर उपलब्धता जैसे मुद्दे भारतीय कंपनियों की स्थिति तय करेंगे। यदि इन मोर्चों पर सुधार हुआ तो टैरिफ का असर काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**अमेरिकी शुल्क दबाव ने भारत के सामने निर्यात बाजारों को लेकर नई चुनौती खड़ी कर दी है। इंजीनियरिंग, ऑटो कल-पुर्जे, कपड़ा, रत्न-आभूषण और दवा जैसे क्षेत्रों के लिए अमेरिकी बाजार की अहमियत को देखते हुए कंपनियों को संभावित लागत दबाव और प्रतिस्पर्धा से जूझना पड़ सकता है।**

भारत पर अमेरिकी टैरिफ का नया दबाव सिर्फ एक व्यापारिक विवाद नहीं, बल्कि देश की निर्यात रणनीति की बड़ी परीक्षा बन सकता है। अमेरिका भारतीय वस्तुओं का सबसे बड़ा खरीदार है। इंजीनियरिंग सामान, दवा, रत्न-आभूषण, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स तक उद्योगों की कमाई का बड़ा हिस्सा यहीं से आता है। सबसे बड़ा खतरा केवल अतिरिक्त टैरिफ नहीं, बल्कि अनिश्चितता है। उद्योग संगठनों व निर्यातकों की नजर अब सरकारी रणनीति पर टिकी है।

**किन क्षेत्रों में दिखेगा सबसे ज्यादा असर?**

सबसे अधिक चिंता इंजीनियरिंग और ऑटो कल-पुर्जों को लेकर है। अमेरिका भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ नीलकांत मिश्र ने कहा, यदि भारत पर शुल्क बढ़ता है तो खरीदार वियतनाम, मेक्सिको जैसे देशों का रुख कर सकते हैं। टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग भी संवेदनशील स्थिति में है। यह क्षेत्र पहले से ही बांग्लादेश, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है।रत्न एवं आभूषण उद्योग भी अहम है। इस क्षेत्र में मांग में मामूली कमी भी निर्यात और रोजगार पर असर डाल सकती है। फार्मा क्षेत्र की हालत बेहतर है।

# त्योहारों की रौनक से चमका भारतीय बाजार: यूरोप और खाड़ी देशों से बढ़े ऑर्डर, इन सामानों की बिक्री में आया उछाल

त्योहारी मौसम ने घरेलू कारोबार के साथ भारतीय उत्पादों के वैश्विक बाजार को भी रफ्तार दी है। देश में खरीदारी बढ़ने के बीच विदेशों में भारतीय खानपान, परिधानों और पारंपरिक सामान की मांग मजबूत हुई है। अमेरिका, यूरोप और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय निर्यातकों को नए ऑर्डर मिल रहे हैं। गणेशोत्सव से शुरू हुआ त्योहारी सीजन इस बार सिर्फ भारतीय बाजारों में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में भारतीय उत्पादों की मांग को नई ऊंचाई दे रहा है। एक तरफ देश में खरीदारी का उत्साह 5 साल के उच्च स्तर पर है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया भर में भारतीय स्वाद, संस्कृति और उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता कारोबारियों के लिए नए अवसर लेकर आ रही है।त्योहारों की यह चमक सिर्फ बाजारों को नहीं, बल्कि भारत के व्यापार और निर्यात को भी रोशन करती दिख रही है। देश में मिठाइयों, कपड़ों, सजावटी सामान और उपहारों की बिक्री तेज हो रही है, वहीं अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और भारतीय प्रवासी आबादी वाले बाजारों से भी भारतीय खाद्य उत्पादों, पारंपरिक परिधानों और हस्तशिल्प के ऑर्डर बढ़ रहे हैं। उद्योग जगत का मानना है कि यह त्योहारी मांग ऐसे समय आई है, जब वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिल रहे हैं।नवरात्र और दिवाली से पहले उपभोक्ता मांग 60 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचती दिख रही है। उद्योग संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल का कहना है कि इस बार ग्राहकों की आवाजाही पिछले साल की तुलना में बेहतर बनी हुई है।




**कपड़ा उद्योग को बेहतर बिक्री की उम्मीद**

कपड़ा और परिधान उद्योग इस बार सबसे अधिक उत्साहित दिखाई दे रहा है। क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमएआई) के सर्वे के अनुसार, 52% परिधान निर्माताओं को पिछले साल की तुलना में बेहतर बिक्री की उम्मीद है। भारत-ब्रिटेन एफटीए और अन्य व्यापार समझौतों का फायदा आने वाले वर्षों में और अधिक मिलेगा। वैश्विक कंपनियां चीन पर निर्भरता कम कर रही हैं, जिसका लाभ भारतीय निर्यातकों को मिल सकता है।

**युद्ध के बीच निर्यात को बड़ा सहारा**

अगस्त में भारत का माल निर्यात 26% से अधिक बढ़कर 43.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारी सीजन के ऑर्डर, अमेरिका में मजबूत मांग और भारतीय उत्पादों की बढ़ती स्वीकार्यता ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के मुताबिक, उम्मीद से बेहतर मानूसन, नियंत्रित महंगाई और ग्रामीण मांग में सुधार से त्योहारी खर्च को समर्थन मिल रहा है।भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी वाले देशों में बड़े उत्सवों की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके चलते रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों, मिठाइयों, स्नैक्स और पारंपरिक परिधानों की मांग बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, यूरोप में भारतीय खाद्य उत्पादों के ऑर्डर करीब 20% तक बढ़े हैं, जबकि अमेरिका में टेक्सटाइल और तैयार कपड़ों के ऑर्डरों में 30-40% तक वृद्धि दर्ज की जा रही है। भारतीय साड़ियां, कुर्ते, लहंगे, एथनिक वियर, दीये, पूजा सामग्री और हस्तशिल्प उत्पाद भी प्रवासी भारतीयों के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं। अब मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। खाड़ी देश फ़ूड एक्सपोर्ट के लिए एक अहम मार्केट बनकर उभरा है।

# Gold Silver Price: दिल्ली में सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर भाव; जानिए चांदी की कीमतें




गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।बाजार के भागीदार अब फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की 92 फीसदी संभावना मान रहे हैं। यह जुलाई 2023 के बाद पहली ब्याज दर वृद्धि होगी।

दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जो पांच सप्ताह का निचला स्तर है। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की आशंका ने सोने पर दबाव बढ़ाया। चांदी के दाम स्थिर रहे।दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक कमजोर रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण हुई। इसके साथ ही सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अगस्त को भी सोने के दाम इसी स्तर पर थे।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 4,300 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया। यह एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। साथ सोने पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड 22.28 अमेरिकी डॉलर यानी 0.52 फीसदी गिरकर 4,276.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

# द बोनस मार्केट अपडेट: बाजार में हरियाली; सेंसेक्स 200 अंक उछला, निफ्टी 23,300 के पार

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी देखी गई। सेंसेक्स 200 से अधिक अंक उछला और निफ्टी 23,300 के पार पहुंचा। कच्चे तेल की कम कीमतों और सस्ते में खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। इंडिगो और इटर्नल ने बढ़त का नेतृत्व किया।भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा। सुबह 9:23 बजे तक निफ्टी 50 में 0.20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो 23,315.80 पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई सेंसेक्स 0.22 फीसदी बढ़कर 74,474.19 पर कारोबार कर रहा था।बाजार में यह बढ़त कच्चे तेल की कम कीमतों के कारण देखी गई। हालिया नुकसान के बाद निवेशकों ने सस्ते में खरीदारी की। हालांकि, मध्य पूर्व में जारी तनाव ने बाजार की तेजी पर कुछ अंकुश लगाया। घरेलू आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की मजबूत मांग भी बढ़त को सीमित कर रही थी। कुल 16 प्रमुख क्षेत्रों में से 15 ने बढ़त दर्ज की। व्यापक स्मॉल-कैप और मिड-कैप सूचकांकों में प्रत्येक में 0.2 फीसदी की वृद्धि हुई। इंडिगो और इटर्नल जैसे शेयरों ने बाजार की बढ़त का नेतृत्व किया। दूसरी ओर, टाटा समूह के अधिकांश शेयरों में गिरावट देखी गई।




**बाजार में तेजी के मुख्य कारण क्या रहे?**

बाजार में उछाल का एक प्रमुख कारण कच्चे तेल की कीमतों में कमी थी। निवेशकों ने हाल की गिरावट के बाद सस्ते में खरीदारी का अवसर देखा। हालांकि, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने बाजार की तेजी को कुछ हद तक धीमा किया। घरेलू आईपीओ की मजबूत मांग भी बाजार की बढ़त को पूरी तरह से खुलने नहीं दे रही थी। वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का टॉपिक्स 0.4 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.1 फीसदी गिरा। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, हांगकांग का हैंग सेंग 0.7 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 1 फीसदी बढ़ा। टाटा समूह के टीसीएस, टाटा मोटर्स पीवी, टाटा इन्वेस्टमेंट और टाटा केमिकल्स के शेयरों में 2.5 फीसदी से 7 फीसदी तक की गिरावट आई।

## रणवीर सिंह: लाल बाग के राजा के दरबार पहुंचे 'धुरंधर' एक्टर 'प्रलय' की शूटिंग के बीच लिया बप्पा का आशीर्वाद



Ranveer Singh Visits Lalbaugcha Raja: अभिनेता रणवीर सिंह अपनी आगामी फिल्म 'प्रलय' में व्यस्त हैं। इस बीच वे कल बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। फिल्म 'धुरंधर' के जरिए बॉक्स ऑफिस पर कब्जा करने वाले एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों आगामी फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच समय निकालकर वे मुंबई के प्रसिद्ध लाला बाग के राजा के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया।

**रणवीर ने बप्पा के दरबार में टेका माथा**

रणवीर सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्हें लाला बाग के राजा के दरबार में देखा जा सकता है। अभिनेता ने बप्पा के दर्शन कर प्रार्थना की। इसके बाद वे फैंस से भी रूबरू हुए।

**रणवीर को देख उमड़ी फैंस की भीड़**

मंदिर परिसर में रणवीर सिंह को देख लोगों की भीड़ उनसे मिलने के लिए पहुंचने लगी। एक्टर ने मुलाकात की। बप्पा के दर्शन करके वे जब बाहर आए तो बड़ी संख्या में फैंस जुट गए। अभिनेता ने भी सभी का अभिवादन किया।

**एक्शन थ्रिलर फिल्म 'प्रलय' में दिखेंगे रणवीर**


रणवीर सिंह ने 'प्रलय' की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में एक्टर न सिर्फ मुख्य भूमिका निभाएंगे, बल्कि प्रोड्यूसर की भूमिका भी संभालेंगे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद रणवीर सिंह का यह पहला प्रोजेक्ट है। इस फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म में 'लोका' फेम एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शनी भी अभिनय करती नजर आएंगी।

**रणवीर के घर जल्द गूंजेगी किलकारी**

रणवीर सिंह की निजी जिंदगी की बात करें तो वे जल्द दीपिका पादुकोण के साथ अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। रणवीर और दीपिका पादुकोण पहले से एक बिटिया दुआ के माता-पिता हैं। बीते दिनों दुआ के जन्मदिन के मौके पर कपल ने अपने मैटरनिटी शूट की तस्वीरें साझा की थीं।

गणेश उत्सव के इन पावन दिनों में बॉलीवुड सितारों का बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचना आम बात है, और रणवीर सिंह की यह तस्वीर व झलक सोशल मीडिया पर भी तेजी से चर्चा का विषय बन गई है।

## टिफनी ट्रंप: भारत आकर देसी रंग में रंगीं अमेरिकी राष्ट्रपति की बिटिया



Tiffany Trump at Ambani Ganpati celebration: अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में फिल्मी सितारों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने भी शिरकत की। भारत आकर वे देसी रंग में रंग गईं। अंबानी परिवार ने हर साल की तरह इस बार भी भव्य स्तर पर बप्पा का स्वागत किया। गणपति उत्सव में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की कई चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। इसी के साथ सात समंदर पार से टिफनी ट्रंप भी अपने पति के साथ अंबानियों के गणेशोत्सव में शिरकत करने आईं। बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक, टिफनी का अलहदा अंदाज नजर आया।

**मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन परिधान में आईं नजर**

अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने हिस्सा लिया। इस दौरान वे पारंपरिक भारतीय परिधान में खूब दमकीं। उन्होंने नामी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन ड्रेस पहनी। भारत की संस्कृति और यहां मिले प्यार ने टिफनी का दिल जीत लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'प्यार के साथ भारत में'।

टिफनी ट्रंप एंटीलिया में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी समारोह में अपने पति के साथ पहुंचीं। टिफनी ने पेस्टल ग्रीन कलर का मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन लहंगा पहना। इसमें वे बेहद खूबसूरत लगीं। इस लहंगे पर आइवरी रंग की कढ़ाई और मोतियों का खूबसूरत वर्क देखा गया।

टिफनी के पति माइकल बूलस भी गणपति उत्सव में नजर आए। उन्होंने केसरिया शेरवानी पहनकर शिरकत की। टिफनी और माइकल की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। अंबानियों के साथ दी बप्पा को विदाई

अंबानी परिवार के गणपति विसर्जन में भी टिफनी ट्रंप शामिल हुईं। अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ वे बप्पा को विदा करती नजर आईं।

## अमोल पाराशर: क्या अभिनेता के साथ कोंकणा सेन शर्मा ने किया रिश्ते का एलान?



Konkona Sen Sharma And Amol Parashar Relation: कोंकणा सेन शर्मा ने अमोल पाराशर के जन्मदिन पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दोनों ने कुछ ऐसा किया है कि फैंस यह अटकलें लगा रहे हैं कि दोनों ने अपने रिश्ते का एलान किया है।

काफी दिनों से फैंस इस बात को लेकर अटकलें लगा रहे हैं कि कोंकणा सेन शर्मा और अमोल पाराशर रिश्ते में हैं। इस बीच दोनों ने कुछ ऐसा किया है कि उनके रिश्ते को लेकर फैंस उत्सुक हो गए हैं। अमोल के जन्मदिन पर, कोंकणा ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया। उनकी मस्ती भरी बातचीत ने फैंस और दूसरे सेलेब्स का ध्यान खींचा है। कोंकणा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'जब उसका जन्मदिन हो लेकिन वह कुछ भी नहीं करना चाहता हो।' क्लिप में दोनों कलाकार साथ दिख रहे हैं और बैकग्राउंड में एक गाना बज रहा है। कोंकणा अमोल का जन्मदिन मनाने के अलग-अलग तरीके सुझाती हैं जबकि वह हर आइडिया को ठुकराते हैं और यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वह कुछ भी नहीं करना चाहते। बाद में उन्होंने एक सिंपल बर्थडे विश भी लिखा, 'जन्मदिन की बधाई अमोल पाराशर'। इस वीडियो पर उनके दोस्तों और इंडस्ट्री के साथियों ने तुरंत रिएक्शन दिया। कुशा कपिला ने लिखा, 'जन्मदिन की बधाई अमोल और यह रील बहुत ही जबरदस्त है। सुरभि ज्योति ने वीडियो को 'शानदार' बताया, जबकि तिलोत्तमा शोम ने 'हाहाहा' कहकर रिएक्शन दिया। वहीं, फैंस ने इस पोस्ट का कुछ अलग ही मतलब निकाला। कई यूजर्स ने इस वीडियो को दोनों के रिश्ते के 'हार्ड लॉन्च' (रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने) के तौर पर देखा। एक फैन ने कमेंट किया, 'आखिरकार हार्ड लॉन्च हो ही गया।' एक और यूजर ने लिखा, 'हे भगवान, दोनों क्यूट लोग एक ही फ्रेम में।'

- **कब से रिश्ते को लेकर लग रहीं अटकलें?**
- बता दें कि कोंकणा सेन शर्मा और अमोल पाराशर 2025 से ही अपने रिश्ते को लेकर उड़ रही अफवाहों के केंद्र में रहे हैं।
- अमोल की वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय 2' की स्क्रीनिंग में दोनों के एक साथ दिखने के बाद इन अटकलों ने जोर पकड़ लिया।

## 200 करोड़ पार हुई 'मिर्जापुर'
## नहीं थम रही 'हनुमान अंश' की कमाई




Box Office Collection: 'हनुमान अंश' ने आज फिर नई रिलीज हुई फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए अच्छी कमाई की है। जानिए गुरुवार को 'मिर्जापुर: द मूवी' और 'हैवान' ने कितना कलेक्शन किया है? इन दिनों भारत के बॉक्स ऑफिस पर जिन फिल्मों के चलने की उम्मीद की जा रही थी, वो नहीं चल रही हैं। बल्कि 42 दिन पहले रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' चल रही है। फिल्म की कमाई 250 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है। वहीं 'मिर्जापुर: द मूवी' 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। आइए जानते हैं इन फिल्मों के अलावा 'हैवान' ने आज कितना कलेक्शन किया है।

अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' को रिलीज हुए आज 6 दिन हो चुके हैं। एक हफ्ते से भी कम समय में फिल्म की कमाई लाखों में पहुंच गई है।

पहले दिन फिल्म ने तीन लाख रुपये से खाता खोला था।

कल छठे दिन इसने सिर्फ 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया था।

आज खबर लिखे जाने तक फिल्म ने महज 42 लाख रुपये कमाए हैं।

इस तरह से फिल्म का कुल कलेक्शन 9.72 करोड़ रुपये हो गया है।

पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की अदाकारी वाली फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। फिल्म की रिलीज को 14 दिन हो चुके हैं। हालांकि यह फिल्म 'हनुमान अंश' के आगे ज्यादा कमाई नहीं कर पा रही है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 148.45 करोड़ रुपये कमाए थे। कल बुधवार को इसने 3.75 करोड़ रुपये कमाए थे। आज गुरुवार को खबर लिखे जाने तक इसने 2.69 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने टोटल 202.14 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

## दायरा: पत्नी के साथ नजर आए पृथ्वीराज सुकुमारन
### फिल्म की स्क्रीनिंग में पहुंचे रेखा और जावेद समेत ये सेलेब्स



Celebs In Daayra Screening: फिल्म 'दायरा' की रिलीज को लेकर फैंस उत्साहित हैं। रिलीज से पहले फिल्म की स्क्रीनिंग में बॉलीवुड के कई कलाकार पहुंचे हैं।

करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन की अदाकारी से सजी फिल्म 'दायरा' 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में खास स्क्रीनिंग हुई। इसमें फिल्म से जुड़े लोगों समेत कई सेलेब्स शामिल हुए। अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी पत्नी के साथ 'दायरा' की स्क्रीनिंग में पहुंचे। उन्होंने ब्लैक जैकेट और काले चश्मे से अपने लुक को पूरा किया। वहीं उनकी पत्नी फूलों की छपाई वाली साड़ी में नजर आईं। कपल ने कैमरे के सामने पोज दिए।

## पीएम मोदी जन्मदिन: सलमान बोले 'पीएम साहब'
### शाहरुख ने की अच्छे स्वास्थ्य की कामना सेलेब्स ने कुछ ऐसे दी बधाई



PM Modi Birthday: देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों ने बधाई दी है। बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों ने भी पीएम मोदी को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर बॉलीवुड से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक कई बड़े कलाकारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। शाहरुख खान ने पीएम मोदी की तारीफ की। वहीं सलमान खान ने उन्हें प्यार से नरेंद्र भाई मोदी कहकर संबोधित किया। शाहरुख खान ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा 'आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और सफलता के लिए बधाई। आप हमेशा देश को प्रेरित करने की ताकत और सकारात्मकता बनाए रखें।'

## सोनारिका भदोरिया: कटरीना कैफ की ट्रोलिंग के बीच चर्चा में अभिनेत्री की पोस्ट बच्चे वाली महिलाओं से की ये अपील



Sonarika Bhadoria: हाल ही में कटरीना कैफ को उनके बढ़े वजन के लिए ट्रोल किया गया। इस बीच टीवी अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने बच्चे वाली महिलाओं और उन्हें ट्रोल करने वाले यूजर्स को सलाह दी है। प्रेग्नेंसी के बाद कटरीना कैफ के बढ़े वजन को लेकर चर्चा के बीच अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया की एक पोस्ट वायरल हो रही है। 'देवों के देव... महादेव' की अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने पोस्ट में बताया कि प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं के शरीर को लेकर लोग कैसी-कैसी बातें करते हैं। सोनारिका ने भी दिसंबर 2025 में कैटरीना के ठीक एक महीने बाद, एक बेटी को जन्म दिया था।

**सोनारिका ने बिना नाम लिए किया पोस्ट**

टीवी अभिनेत्री सोनारिका ने लोगों से अपील की कि वे हाल ही में मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें। सोनारिका ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। हालांकि, यह पोस्ट कैटरीना को लेकर चल रही ऑनलाइन चर्चाओं के बीच आई है, जिन्हें हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ बाहर निकलने पर उनके लुक के लिए ट्रोल किया गया था। सोनारिका ने लिखा, 'किसी ऐसी महिला को देखकर यह तय करना कि उसका शरीर अब पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसने अभी-अभी इस दुनिया में एक नई जान को जन्म दिया है बहुत ही बेरहम बात है। आप उन रातों को नहीं देखते जो उन्होंने जागते हुए बिताईं। जब उनका शरीर आराम मांग रहा था, तब उन्होंने एक नन्हे बच्चे को दूध पिलाते हुए वो रातें गुजारीं। ऐसी दुनिया में जो महिलाओं से कहती है कि मां बनने के लिए उन्हें सब कुछ कुर्बान कर देना चाहिए, वहां हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे मां बनने के बाद भी बिल्कुल वैसी ही दिखें जैसे पहले थीं। ऐसा लगता है कि जैसे हम उनसे कह रहे हों कि प्रेग्नेंसी से उनकी जिंदगी तो बदलनी चाहिए लेकिन उनका शरीर नहीं।' महिलाओं को सलाह देते हुए सोनारिका ने लिखा, 'उसे आपको कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। बच्चे के जन्म के बाद का शरीर, महिला के पुराने शरीर का 'फेल' वर्जन नहीं होता। यह एक सबूत है। इस बात का सबूत कि उसके साथ कुछ असाधारण हुआ है। आपका शरीर खराब नहीं हुआ है।

# Aaj ka Rashifal 18 September

## इन 4 राशि वालों को मिलेगी खुशखबरी, मनचाही नौकरी का आ सकता है प्रस्ताव




**18 सितंबर 2026 का आज का राशिफल:** करियर, व्यापार, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज ग्रहों की स्थिति का क्या प्रभाव रहेगा? किस राशि को मिल सकता है कोई नया अवसर और किसे आज सावधानी बरतने की जरूरत है?

**Rashifal 18 September 2026:** आज 18 सितंबर 2026 का दिन कुछ राशि के जातकों के लिए नई उम्मीद और अवसर लेकर आ सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर या नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है। वहीं, कुछ राशि वालों को कार्यक्षेत्र और आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं 18 सितंबर 2026 का आज का राशिफल।

### मेष



आज आपके भीतर ऊर्जा और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं रहेगी। मुश्किल से मुश्किल काम को भी पूरे जोश और फोकस के साथ पूरा करने का जज्बा रहेगा और आपकी मेहनत दूसरों का ध्यान खींचेगी। हालांकि, उत्साह में आकर किसी को ऐसी बात न कह दें जो रिश्तों में कड़वाहट पैदा कर दे। पैसों को लेकर जरूरत से ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय व्यावहारिक नजरिया रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी उत्पादकता शानदार रहेगी और जिम्मेदारी वाला काम भी आसानी से संभाल लेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेकिन आज न तो किसी को बड़ा कर्ज दें और न ही नया लोन लेने की जल्दबाजी करें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और शारीरिक ऊर्जा को व्यायाम, खेल या वर्कआउट में लगाना लाभकारी होगा। हल्का और पौष्टिक भोजन लें।

### वृषभ



आज आपकी समझदारी, आकर्षण और रचनात्मक सोच आपको दूसरों से अलग पहचान दिलाएगी। दिमाग में आने वाले नए विचार दोस्तों और कार्यक्षेत्र में आपको चर्चा का केंद्र बना सकते है। हालांकि अपनी बात को सही साबित करने की जिद से बचें, क्योंकि मन की बेचैनी आपकी नींद भी प्रभावित कर सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके और बातचीत से वरिष्ठ तथा सहकर्मी प्रभावित होंगे। मुश्किल प्रोजेक्ट को भी आप अपनी नई सोच से संभाल पाएंगे। आर्थिक मोर्चे पर दिन शानदार है और अचानक धन लाभ या पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। बस काम के बीच खुद को जरूरत से ज्यादा न थकाएं। शाम को कुछ समय ध्यान और विश्राम के लिए जरूर निकालें।

### मिथुन



आज आपका आकर्षण और प्रभाव लोगों को सहज ही अपनी ओर खींचेगा। दोस्तों, बड़े भाई-बहनों और पेशेवर संपर्कों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। हालांकि मानसिक तनाव और अनावश्यक खर्च मन को परेशान कर सकते हैं, इसलिए दूसरों के दबाव में आकर कोई बड़ा वादा या आर्थिक प्रतिबद्धता न करें। करियर में आज पर्दे के पीछे रहकर मेहनत करना आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा। आपकी चुपचाप की गई तैयारी आगे चलकर बड़ा परिणाम दे सकती है। व्यापार से आमदनी अच्छी रहेगी

### कर्क



आज आपकी बातचीत का अंदाज और समझदारी सामाजिक तथा व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में आपको आगे ले जाएगी। दोस्तों के साथ मिलकर कोई नया काम या योजना शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। करियर में नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी और कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बढ़ेगा। छोटी व्यावसायिक यात्रा के भी योग बन सकते हैं। आर्थिक रूप से दिन लाभकारी है। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं

### सिंह



आज आपका ध्यान भविष्य की योजनाओं, करियर और आर्थिक सुरक्षा पर केंद्रित रहेगा। आपकी तेज बुद्धि और प्रभावशाली बातचीत आपको सम्मान दिलाएगी। हालांकि बीच-बीच में आत्मविश्वास की कमी या अकेलेपन का एहसास परेशान कर सकता है। ऐसे समय में खुद पर संदेह करने के बजाय अपनी उपलब्धियों को याद करें। नौकरी बदलने, प्रमोशन मांगने या किसी नए प्रोजेक्ट का प्रस्ताव रखने के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और बचत को व्यवस्थित करने का अच्छा मौका मिलेगा।

### कन्या



आज आपकी समझदारी, भावनाओं को संभालने की क्षमता और व्यवस्थित तरीके से काम करने की आदत आपको सफलता दिलाएगी। किस्मत भी आपका साथ देती नजर आएगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि जल्दबाजी में किसी को पैसा उधार देने या बिना पढ़े किसी समझौते पर हस्ताक्षर करने से बचें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यावहारिक और तथ्यों पर आधारित सोच वरिष्ठों को प्रभावित करेगी और आपको नेतृत्व की जिम्मेदारी मिल सकती है।

### तुला



आज आप अपनी समझदारी और संतुलित व्यवहार से निजी तथा पेशेवर जीवन के बीच अच्छा तालमेल बना पाएंगे। किसी उलझी हुई परिस्थिति को भी शांत दिमाग से संभालने की क्षमता रहेगी। हालांकि कभी-कभी अकेले रहने की इच्छा आपको भीतर से थोड़ा उदास कर सकती है। जीवनसाथी या पार्टनर से बातचीत करते समय अहंकार और जल्दबाजी से बचें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव अधिक रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत और धैर्य आपको दूसरों से आगे ले जाएंगे। पर्दे के पीछे की गई मेहनत भी वरिष्ठों की नजर में आएगी।

### वृश्चिक



आज आपके भीतर जबरदस्त साहस, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दोस्तों और सामाजिक संपर्कों का सहयोग मिलने से लंबे समय से अटके काम आगे बढ़ सकते हैं। हालांकि करीबी व्यक्ति या पार्टनर के साथ बहस को अहंकार की लड़ाई बनने से रोकना होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी ऊर्जा और आत्मविश्वास मुश्किल जिम्मेदारियों को भी आसान बना देंगे। विरोधियों पर आपका प्रभाव बना रहेगा। आर्थिक रूप से पुराने निवेश या आय के किसी नए स्रोत से अच्छा लाभ मिल सकता है।

### धनु



आज करियर के मोर्चे पर आपकी चमक देखने को मिलेगी। काम में आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आपकी मेहनत से साख भी मजबूत होगी। साझेदारी और प्रेम संबंधों में सहयोग तथा अपनापन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि कार्यस्थल पर सहकर्मियों या जूनियर से बातचीत करते समय भाषा और लहजे का ध्यान रखें। अत्यधिक आलोचनात्मक रवैया परेशानी पैदा कर सकता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए दिन शानदार है और बिजनेस मीटिंग के अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

### मकर



आज भाग्य, आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता आपका साथ देंगे। तेज बुद्धि और रचनात्मक सोच के कारण कई काम उम्मीद से बेहतर तरीके से पूरे हो सकते हैं। हालांकि घरेलू मामलों में मंगल के प्रभाव से थोड़ी बहस या तनाव संभव है। अचानक खरीदारी करने या जल्दी पैसा कमाने के लालच पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी दृढ़ता और आत्मविश्वास प्रभावशाली रहेगा। सहकर्मियों के साथ तालमेल बैठाना और अपनी बात दूसरों तक पहुंचाना आसान होगा। शोध या गहराई से किए जाने वाले काम में विशेष सफलता मिल सकती है।

### कुंभ



आज आपका दिमाग गहरी सोच, शोध और भविष्य की रणनीति बनाने में व्यस्त रहेगा। किसी जटिल परिस्थिति को समझने और उसका समाधान खोजने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी। हालांकि आज हर काम को सबके सामने लाने या लाइमलाइट में आने की जरूरत नहीं है। पर्दे के पीछे की गई मेहनत ज्यादा लाभ दे सकती है। ऑफिस में ऑडिट, कोडिंग, रिसर्च या किसी कठिन समस्या के समाधान से जुड़े काम में अच्छी प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। पैतृक संपत्ति से जुड़े कामों को व्यवस्थित करने और लंबी अवधि की बचत योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। मानसिक तनाव से बचें और देर रात भारी या मसालेदार भोजन न करें।

### मीन



आज आपका ध्यान साझेदारी, लोगों से संपर्क और मिलकर काम करने पर रहेगा। घर-परिवार का शांत वातावरण आपको भावनात्मक मजबूती देगा और मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास तथा प्रशासनिक क्षमता दोनों मजबूत रहेंगे। बिजनेस प्रेजेंटेशन, मार्केटिंग या किसी नए समझौते के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक रूप से आगे बढ़ने की अच्छी इच्छा रहेगी और पुराने बकाये चुकाने की दिशा में भी प्रगति हो सकती है। हालांकि लग्जरी सामान या यात्रा पर अचानक बड़ा खर्च सामने आ सकता है,

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल : वृषभ सहित इन राशि वालों की लव लाइफ रहेगी शानदार, आज मिलेगी बड़ी खुशखबरी



**Aaj Ka Love Rashifal 18 September 2026:** प्रेम और रिश्तों के लिहाज से आज का दिन कैसा रहेगा? जानिए सभी 12 राशियों के लिए प्यार, रिश्ते और पार्टनर से जुड़े खास संकेत।

**Today Love Horoscope 18 September 2026:** आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए क्या संकेत लेकर आया है? किस राशि के जातकों के रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा और किसे अपने साथी का साथ मिलेगा? आइए जानते हैं आज का लव राशिफल।

## मंगल गोचर से किन राशि वालों की जागेगी सोई किस्मत और किसकी बढ़ेगी टेंशन, पढ़ें 12 राशियों का हाल




**Mangal Kark Gochar 2026 Impact On All 12 Zodiac:** मंगल का कर्क राशि में गोचर 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा, आइए विस्तार से इसका प्रभाव जानते हैं।

**Mangal Gochar 2026:** 18 सितंबर 2026 को मंगल कर्क राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसके स्वामी चंद्रमा हैं और ज्योतिष में दोनों ही ग्रह अपने अलग-अलग प्रभाव के लिए जाने जाते हैं, इसलिए मंगल का कर्क राशि में प्रवेश ज्योतिषीय दृष्टि से खास माना जा रहा है। इसके अलावा कर्क राशि में पहले से ही गुरु भी विराजमान हैं। ऐसे में मंगल और गुरु की युति बनेगी, जिसे शुभ माना जाता है। हालांकि, कर्क मंगल की नीच राशि है जिससे मंगल के प्रभाव में कुछ कमी आ सकती है। ऐसे में 12 राशियों पर इस गोचर का अलग-अलग प्रभाव देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं मंगल के कर्क गोचर से किस राशि वालों को लाभ मिलेगा और किन लोगों को सावधानी बरतनी होगी।

## 26 सितंबर से लक्ष्मी नारायण राजयोग, जानें 12 राशियों में किसे लाभ और किसे करना होगा इंतजार?




26 सितंबर को बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिल सकता है। जानें किस राशि को धन, करियर और कारोबार में लाभ मिलेगा और किसे थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल और उनकी युति का विशेष महत्व माना जाता है। जब शुभ ग्रह एक-दूसरे के साथ आते हैं, तो उनके संयोग से बनने वाले योग का प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। सितंबर के अंत में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र धन, प्रेम, सुख-सुविधा, कला और ऐश्वर्य से जुड़े ग्रह माने जाते हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों का मिलन आर्थिक और करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इस योग का असर सभी राशियों पर एक जैसा नहीं रहेगा। कुछ राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ रह सकता है,जबकि कुछ लोगों को लाभ पाने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। तो आइए जानते हैं 26 सितंबर 2026 को बनने वाले लक्ष्मी नारायण राजयोग का सभी 12 राशियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और किन जातकों के लिए यह योग धन, करियर और कारोबार में नई उम्मीदें लेकर आ सकता है।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए यह योग कार्यक्षेत्र में नए अवसर लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जो आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं।

## शनि-सूर्य समसप्तक योग: अगले 30 दिन इन 3 राशियों के लिए हो सकते हैं भारी, करियर और सेहत को लेकर रहें सतर्क




17 सितंबर 2026 को सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने के साथ सूर्य और शनि के बीच समसप्तक योग का निर्माण हो गया है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों को कार्य, स्वास्थ्य, धन और रिश्तों से जुड़े मामलों में सावधानी रखनी होगी। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य को ग्रहों का अधिपति और शनि को कर्म व न्याय का कारक माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, सूर्य और शनि का संबंध पिता-पुत्र का है लेकिन दोनों ग्रहों के स्वभाव में काफी अंतर होने के कारण इन्हें परस्पर शत्रु माना जाता है। ऐसे में जब कुंडली या गोचर में दोनों की विशेष स्थिति बनती है, तो उसका असर कुछ राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। 17 सितंबर 2026 को सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने के साथ सूर्य और शनि के बीच समसप्तक योग का निर्माण हो गया है। इस स्थिति में दोनों ग्रह एक-दूसरे से सातवें भाव में हैं। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों को कार्य, स्वास्थ्य, धन और रिश्तों से जुड़े मामलों में सावधानी रखनी होगी। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं।

## आज का अंक ज्योतिष: आज किसे मिलेगा लाभ और किसकी बढ़ सकती हैं समस्याएं, पढ़ें 1 से 9 तक अंक राशिफल




**आज का अंक ज्योतिष 18 सितंबर 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए खास रह सकता है। जानें सभी मूलांक वालों के लिए करियर, धन, प्रेम और सेहत के मामले में कैसा रहेगा दिन।

**Numerology 18 September 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए खास रह सकता है। कुछ जातकों को करियर में लाभ मिलने के संकेत हैं, तो वहीं कुछ लोगों को छोटी-बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं 1 से 9 तक के सभी मूलांक वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**अंक 1**

आज का दिन कुछ परेशानियां आपके लिए लेकर आ सकता है। आज पैसों से जुड़े मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा। इसके अलावा अचानक कुछ अतिरिक्त खर्च सामने आ सकते हैं।

**शुभ रंग- हरा**

**शुभ अंक- 1**

# Japan vs India Live Score:

## 46 पर जापान को चौथा झटका दीप्ति के बाद शेफाली को सफलता

IND vs JAP Womens, Quarter Final, Asian Games 2026 Live Score Updates: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरुआत कर चुकी है। उसका पहला मैच क्वार्टर फाइनल में जापान से है। यह मुकाबला निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेला जा रहा है।

**Japan vs India Live: जापान को तीसरा झटका**

जापान को 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर 33 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। दीप्ति शर्मा ने एरिका ओडा को श्रेयांका के हाथों कैच कराया। एरिका पांच रन बना सकीं। फिलहाल अकारी निशिमुरो और शिमाको कातो क्रीज पर हैं। 13 ओवर के बाद जापान का स्कोर तीन विकेट पर 39 रन है।

**Japan vs India Live: श्री चरणी को दो सफलता**

सातवें ओवर में श्री चरणी ने लगातार दो गेंदों में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर हारुना इवासाकी को शेफाली के हाथों कैच कराया। फिर अगली गेंद पर कप्तान माई यानागिदा को विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। हारुना 22 गेंद में 10 रन बना सकीं। वहीं, यानागिदा खाता नहीं खोल सकीं। फिलहाल एरिका ओदा और अकारी निशिमुरा क्रीज पर हैं। नौ ओवर के बाद जापान का स्कोर दो विकेट पर 27 रन है।

Japan vs India Live: पावरप्ले समाप्त
जापान टीम ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 24 रन बना लिए है । भारतीय टीम ने कसी हुई गेंदबाजी की लेकिन कोई विकेट नहीं ले सकी है।




**ND vs JAP Live Score: मुकाबला शुरू**

भारत और जापान महिला क्रिकेट टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले की शुरुआत हो चुकी है। जापान की ओपनर्स हारुना इवासाकी और अकारी निशिमुरा कानो क्रीज पर हैं। जापान ने पहले ओवर में दो रन बनाए। क्रांति गौड़ ने कसी हुई गेंदबाजी की।

**IND vs JAP Live Score: दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, गुणालन कमालिनी, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, श्रेयांका पाटिल, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा।

जापान: माई यानागिदा (कप्तान), हारुना इवासाकी, अकारी निशिमुरा कानो (विकेटकीपर), एरिका ओडा, अहिल्या चंदेल, शिमाको काटो, अयाका काटो-स्टैफर्ड, अयुमी फुजिकावा, हिनासे गोटो, एरिका टोगुची क्विन, नोनोहा यासुमोटो।

# भारत-अफगानिस्तान: 34 गेंदों में 108 रन

## अभिषेक शर्मा के बल्ले ने मचाई ऐसी तबाही टूट गए टी20 के 12 रिकॉर्ड्स




अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में 34 गेंदों पर 108 रन की तूफानी पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। उन्होंने भारत के लिए सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। इस पारी के दौरान पावरप्ले, छक्कों, स्ट्राइक रेट और टी20 शतकों से जुड़े कई बड़े रिकॉर्ड भी उनके नाम हुए। दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने ऐसी पारी खेली, जिसने टी20 क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में कई नए पन्ने जोड़ दिए। उन्होंने महज 34 गेंदों में 108 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 317.64 रहा। अभिषेक ने अपनी पारी में नौ चौके और 11 छक्के लगाए। उनकी इस पारी का सबसे बड़ा आकर्षण 30 गेंदों में पूरा हुआ शतक रहा। यह भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगाया गया सबसे तेज शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था, लेकिन अभिषेक का रिकॉर्ड सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ भी सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। 30 गेंदों में शतक, भारत के लिए सबसे तेज

अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक है। इससे पहले भारत के लिए सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने 22 दिसंबर 2017 को इंदौर में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था। अभिषेक ने इस रिकॉर्ड को पांच गेंद से बेहतर किया। इतना ही नहीं, किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी यह सबसे तेज शतक है। इससे पहले न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया था। अभिषेक का 30 गेंदों में आया शतक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे सिर्फ एस्टोनिया के साहिल चौहान और तुर्की के मुहम्मद फहद हैं। साहिल चौहान ने 2024 में साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में शतक लगाया था, जबकि मुहम्मद फहद ने 2025 में बुल्गारिया के खिलाफ 29 गेंदों में यह कारनामा किया था। अभिषेक ने अपनी 108 रन की पारी में 102 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से बनाए। यानी उनकी कुल पारी के 94.44 प्रतिशत रन बाउंड्रीज से आए। पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले बल्लेबाज की पारी में बाउंड्रीज से आए रनों का यह सबसे बड़ा अनुपात है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुहम्मद फहद के नाम था। उन्होंने 2025 में बुल्गारिया के खिलाफ 120 रन बनाए थे, जिसमें 112 रन चौकों और छक्कों से आए थे।

# भारतीय प्लेइंग-11 में बदलाव तय!: वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा मौका? संजू नहीं; इस खिलाड़ी को दिया जा सकता है आराम




IND vs AFG T20 Playing 11: श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। तीसरे टी20 के लिए भारत प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकता है। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले चुकी है। अब दोनों टीमों के बीच गुरुवार को आखिरी मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने शुरुआती दो मैचों में वैभव सूर्यवंशी को मौका नहीं दिया था, लेकिन अब संकेत मिले हैं कि उन्हें प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। भारत की नजरें इस मैच को जीतकर क्लीन स्वीप करने पर होंगी।

कप्तान के बयान से मिले बदलाव के संकेत

भारतीय टीम ने पहले दो मैच में दमदार प्रदर्शन किया और अफगानिस्तान को खेल के हर विभाग में पस्त किया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को दूसरे मैच के बाद कहा था कि तीसरे और अंतिम मैच में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है ताकि सभी खिलाड़ियों को 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए जापान रवाना होने से पहले जरूरी मैच अभ्यास का मौका मिल सके। अब तक के चयन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत सूर्यवंशी को जगह देने के लिए कोई विशेष प्रयास करने को तैयार नहीं है। सूर्यवंशी ने जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर डेब्यू किया था क्योंकि तब संजू सैमसन सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे।

**बल्लेबाजी क्रम में बदलाव संभव**

अब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं। यह दोनों खिलाड़ी एक ही प्रारूप में नियमित रूप से खेलते हैं और इसलिए वह भी विश्राम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन को बदलाव का फैसला करना होगा। ईशान किशन को विश्राम देकर सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी मौजूद है। किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र की कप्तानी की थी।

# एशियन गेम्स 2026: जापान-मलयेशिया जैसे देश भी क्रिकेट में हिस्सा लेंगे? सभी के स्क्वॉड-फॉर्मेट और शेड्यूल देखें

एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट मुकाबलों का रोमांच चरम पर होगा। महिला और पुरुष वर्ग में एशिया की मजबूत टीमें पदक के लिए उतरेंगी। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश समेत कई टीमों की टक्कर पर नजर रहेगी। महिला मुकाबले 17 सितंबर से, जबकि पुरुष क्रिकेट 24 सितंबर से शुरू होगा।

एशियाई खेलों को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त रह गया है। वैसे तो इन खेलों में हर स्पर्धा दिलचस्प होती है, लेकिन फैंस को बेसब्री क्रिकेट को लेकर सबसे ज्यादा है। भारतीय पुरुष और महिला, दोनों क्रिकेट टीमें स्वर्ण का बचाव करने उतरेंगी। 2023 एशियाई खेलों में ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में पुरुष क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता था, जबकि स्मृति मंधाना की अगुआई में महिला क्रिकेट टीम ने भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया था। इस बार भी दोनों वर्गों में स्वर्ण की ही आस है।

हालांकि, भारतीय टीम के लिए अभियान आसान नहीं रहने वाला है। इस सफर को दोनों ही वर्गों में भारत को श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। पुरुषों में अफगानिस्तान भी मजबूत दावेदार है। पिछले एशियाई खेलों में अफगानिस्तान की टीम फाइनल में पहुंची थी। आइए एक-एक करके दोनों ही वर्गों के सभी देशों के स्क्वॉड, शेड्यूल, फॉर्मेट पर नजर डालते हैं...

**एशियन गेम्स 2026 : महिला क्रिकेट प्रतियोगिता**




**आठ टीमें लेंगी हिस्सा**

एशियन गेम्स 2026 की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। मुकाबले क्वार्टर फाइनल से शुरू होंगे और इसके बाद सेमीफाइनल तथा पदक मुकाबले खेले जाएंगे।

मेजबान जापान को सीधे प्रतियोगिता में जगह मिली है। क्षेत्र की चार पूर्ण सदस्य टीमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भी सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई हुईं।

बाकी तीन स्थानों के लिए छह टीमों के बीच 26 से 31 मई तक मलयेशिया के कुआलालंपुर में क्वालिफायर खेला गया। छह टीमों को तीन-तीन के दो ग्रुप में बांटा गया था। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्वालिफायर में थाईलैंड विजेता, मलयेशिया उपविजेता और चीन तीसरे स्थान पर रहा।

# फॉर्म में लौटे संजू सैमसन: दूसरे मैच में दिलाई दमदार जीत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीता लगातार 10वां टी20




भारतीय टीम ने जीत की लय बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान को दूसरे टी20 में सात विकेट से हराया। भारत ने इस तरह तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन फॉर्म में लौट आए हैं। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए इस मैच में जहां नीतीश रेड्डी ने गेंदबाजी में प्रभावित किया, वहीं, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक लगाया।

**अफगानिस्तान के खिलाफ दबदबा बरकरार**

भारत ने अभी तक टी20 इतिहास में अफगानिस्तान के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। भारत ने दबदबा बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी20 मुकाबला जीता। ये टी20 में भारत के खिलाफ किसी टीम की लगातार सर्वाधिक हार है। अफगानिस्तान ने इस मामले में बांग्लादेश को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश ने 2019 से 2025 के बीच भारत के खिलाफ लगातार नौ मैच गंवाए थे।

**सैमसन-अभिषेक की शानदार शुरुआत**

लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और अभिषेक ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। सैमसन पिछले मैच में सस्ते में आउट हुए थे। वैभव सूर्यवंशी को बैठाकर उन्हें मौका देने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे, लेकिन सैमसन ने एशियाई खेलों से ठीक पहले फॉर्म में वापसी की और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने धीमी शुरुआत की थी और आठ गेंदों पर 10 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदला और तेजी से खेलना शुरू किया। सैमसन ने 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सैमसन और अभिषेक के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई जिसे राशिद ने अभिषेक को आउट कर तोड़ा। अभिषेक के आउट होने के बाद सैमसन ने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्हें भी राशिद ने अपना शिकार बनाया। फिर कप्तान श्रेयस अय्यर राशिद का तीसरा शिकार बने। हालांकि, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने भारत को जीत दिलाने की औपचारिकता पूरी की। भारत के लिए सैमसन ने 22 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। वहीं, अभिषेक ने 39 और कप्तान श्रेयस ने 11 रन बनाए। ईशान किशन 23 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 और तिलक वर्मा ने 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 15 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए तीनों विकेट राशिद खान ने लिए। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अर्शदीप सिंह ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर, बी-9, गायत्री भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776 @gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













